**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.04.2024/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र–पार्टी ने घोषणा पत्र को न्याय के पांच स्तम्भों पर आधारित बताया।
- वरिष्ठ भाजपा नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेताओं ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया झूठे दावों का पुलिंदा।
- कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री ने कहा–पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के टिकटों का होगा फैसला।

और

- एसजेवीएनएल को 15वें सी.आई.डी.सी विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 से किया गया सम्मानित।

**अब समाचार विस्तार से...........**

## कांग्रेस घोषणा पत्र

कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा आज नई दिल्ली में जारी घोषणा पत्र में प्रतिदिन चार सौ रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों का आरक्षण, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में 23 करोड लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्त करने का भी वायदा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र पंच न्याय यानी न्याय के पांच

स्तम्भों पर आधारित है। यह स्तम्भ हैं– युवा, महिलाएं, किसान, मजदूर और आबादी प्रतिशत के अनुरूप अवसर।

**<u>अनुराग ठाकुर</u>**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र को झूठे दावों और वादों का पुलिंदा करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि देश में आज सिर्फ एक ही गारंटी चलती हैं और वो है मोदी की गारंटी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों में देश को केवल छलने का ही काम किया है और इसी वजह से अब जनता इनके बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करती है जबकि कांग्रेस केवल झूठे वायदें ही करती है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले एक वर्ष में मोदी सरकार ने दस लाख सरकारी नौकरियां दी हैं और ईपीएफओ के डाटा के अनुसार पिछले 6 वर्षों में सात करोड़ 60 लाख से अधिक लोग रजिस्टर हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 60 वर्षों तक देश पर राज करती रही और सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीबी नहीं हटी। वहीं मोदी सरकार ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश के 80 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन, 12 करोड़ शौचालय, चार करोड़ गरीबों को घर, दस करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला कनेक्शन, 14 करोड़ से अधिक लोगों को नल से जल और 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य का खर्च प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दिया है।

**<u>जयराम</u>**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की तरह लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर वर्ग को ठगने की कोशिश की गई है और देश के लोग इस बार भी कांग्रेस के झांसे में नहीं आएंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान जनता को दस गारंटियां दी थीं लेकिन चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस नेताओं ने एक बार भी घोषणा पत्र को पलट कर नहीं देखा।

**<u>श्रीकांत शर्मा</u>**

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के दस साल बेमिसाल रहे हैं। सोलन जिले के नालागढ़ में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ परिवारों को घर मुहैया करवाया गया और 2014 से अब तक 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन से 14 करोड़ ग्रामीण परिवारों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है।

**मुख्यमंत्री**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोकसभा चुनाव व प्रदेश के 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए टिकट फाइनल करने का फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल 6 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद ही प्रत्याशियों के नाम को लेकर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर जिले के नौदान में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। उन्होंने बागी विधायकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बिकाऊ को कभी जिताऊ नहीं बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा को नकार चुकी है और राज्य में कांग्रेस सरकार पूरे पांच साल तक जनता की सेवा करेगी।

**अनुराग दौरा**

इस बीच केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अनुराग ठाकुर कल 6 अप्रैल को बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय में होने वाले त्रिदेव सम्मेलन और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के जगात खाना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा वे घवांडल और श्री नयना देवी में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत भी करेंगे। अनुराग ठाकुर 7 अप्रैल को ऊना विधानसभा क्षेत्र के बस देहरा और हरोली विधानसभा क्षेत्र के सलोह में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

**रजनीश किमटा**

प्रदेश कांग्रेस के संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने भाजपा पर हिमाचल की चुनी हुई सरकार को गिराने के आरोप लगाए हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस तरह की राजनीति नहीं होती है और लोग भाजपा को लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में सबक सिखाएंगे। रजनीश किमटा ने कहा कि भाजपा ने मंडी में पैराशूट से प्रत्याशी की एंट्री की है और कंगना रनौत को टिकट मिलने से भाजपा के मंडी के नेता भी हैरान व परेशान है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत को मंडी संसदीय क्षेत्र की जानकारी नहीं है और भाजपा को उनकी जानकारी बढ़ानी चाहिए। रजनीश किमटा ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने सांसद निधि का क्षेत्र में एक भी पैसा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि सुरेश कश्यप न कोरोना काल में कहीं दिखे और न ही संसद में उन्होंने किसानों के मुद्दों व सेब के आयात शुल्क को बढ़ाने के लिए कोई काम किया। रजनीश किमटा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार स्थिर है और उपचुनाव के बाद और मज़बूत होगी।

**<u>एसजेवीएनएल/</u>**

एसजेवीएनएल को कॉर्पोरेट सामाजिक विकास और प्रभाव सृजित करने के लिए 15वें सी.आई.डी.सी विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। एसजेवीएनएल की अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक गीता कपूर ने कहा कि ये पुरस्कार नवोन्मेषी और ठोस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन के लिए निगम की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने बताया कि निगम ने लगातार तीसरे वर्ष ये प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किए हैं। गीता कपूर ने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान निगम के मुख्य महाप्रबंधक बलजीत सिंह ने प्राप्त किए।

**<u>सुरेश कुमार</u>**

कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार ने भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के 6 बागी विधायकों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा की जा रही टिप्पणियों को सही करार दिया है। आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा अगर पाक–साफ है तो वो मुख्यमंत्री के बयानों को लेकर अदालत जा सकती है। सुरेश कुमार ने कहा कि भाजपा ने हाल ही में जिस तरह से सरकार को तोड़ने का प्रयास किया है उससे साफ जाहिर है कि कांग्रेस के 6 बागी नेताओं की खरीद–फरोख्त हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की जल्द ही घोषणा करेगी।

## स्वीप कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम—स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरमौर जिला के नाहन विधानसभा क्षेत्र की क्यारी और कोलावांलाभूड़ पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त सुमित खिमटा ने सभी लोगों से मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है। स्वीप गतिविधियों के नाहन क्षेत्र के नोडल अधिकारी अनिल शर्मा ने बताया कि जागरूकता अभियान में स्थानीय लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी तरह रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र की लानाचेता पंचायत में लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इधर सोलन जिला के नौणी स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार वानिकी व बागवानी विश्वविद्यालय में स्वीप के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सोलन की सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम पूनम बंसल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।

उधर चंबा जिला के भरमौर उपमंडल में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मिशन चार सौ 14 के तहत स्वीप गतिविधियों में तेजी लाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पिछले लोकसभा चुनावों में कम मतदान प्रतिशतता वाले मतदान केंद्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में चर्चा की गई।

## डीसी कुल्लू

कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पर्यटन सीजन आरंभ होने से पूर्व राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर टकोली से मनाली तक के सभी संवेदनशील स्थलों का मुरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कुल्लू में आज एक बैठक में देवधार व बनोत्तर में भूस्खलन से राष्ट्रीय उच्च मार्ग को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए रणनीति तैयार करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कुल्लू से मनाली के बीच आवश्यक स्थानों पर ड्रेन का निर्माण करने को भी कहा।

## <u>अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र—पार्टी ने घोषणा पत्र को न्याय के पांच स्तम्भों पर आधारित बताया।
- वरिष्ठ भाजपा नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेताओं ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बताया झूठे दावों का पुलिंदा।
- कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री ने कहा—पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के टिकटों का होगा फैसला।

और

- एसजेवीएनएल को 15वें सी.आई.डी.सी विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 से किया गया सम्मानित।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ— नमस्कार।**